भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 977
गुरुवार, 8 फरवरी, 2024 / 19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवा

977. श्री देवजी पटेल:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान राज्य सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) के अंतर्गत मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवा शुरू करने के लिए केन्द्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और स्थिति क्या है, और
(ग) उक्त हवाई पट्टी से हवाई सेवाएं शुरू करने में विलंब के क्या कारण है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग): राजस्थान में मानपुर, आबू रोड हवाईपट्टी का नाम क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान दस्तावेज़ में बोली लगाने के लिए उपलब्ध असेवित हवाईअड्डों की अस्थायी सूची में है। उड़ान मांग पर आधारित योजना है, जिसमें एयरलाइन प्रचालक किसी विशिष्ट मार्ग पर परिचालन की व्यवहार्यता का आकलन करते हैं और समय-समय पर उड़ान योजना के तहत बोली लगाते हैं।

उड़ान योजना के तहत बोली के पांच दौर पूरे होने तक, मानपुर को जोड़ने वाला कोई भी मार्ग किसी भी एयरलाइन को अवार्ड नहीं किया जा सकता है। इसलिए, उड़ान योजना के तहत हवाईपट्टी का पुनरुद्धार शुरू नहीं किया जा सकता है, क्योंकि असेवित और अल्प-सेवित हवाईअड्डों के पुनरुद्धार/उन्नयन का कार्य, वैध बोलियों के माध्यम से इनकी पहचान और चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को हवाईअड्डा अथवा हवाईपट्टी अवार्ड करने के बाद किया जाता है।

****